पंजीकृत क्रमांक : S-385/1949-50

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद

केंद्रीय कार्यालय : 3, मार्बल आर्च, सेनापती बापट मार्ग, माटुंगा रोड (प.रे.), माहिम, मुंबई - 400016

022 24306321/24378866 24313938 abvpkendra@gmail.com www.abvp.org

दि. 31 अक्तूबर 2023

-:प्रेस विज्ञप्ति:-

अभाविप की छात्र दैनंदिनी-2024 का हुआ विमोचन, मुखपृष्ठ पर भव्य राममंदिर का प्रस्तावित मॉडल प्रदर्शित।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) की छात्र दैनंदिनी (वार्षिक डायरी) का आज दिल्ली में विमोचन किया गया। विमोचन के अवसर पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री श्री याज्ञवल्क्य शुक्ल, राष्ट्रीय संगठन मंत्री श्री आशीष चौहान, अभाविप की राष्ट्रीय कार्यकारी परिषद के विशेष आमंत्रित सदस्य प्रो. नागेश ठाकुर, अभाविप दिल्ली प्रदेश मंत्री श्री हर्ष अत्री, डूसू सचिव अपराजिता, डूसू संयुक्त-सचिव श्री सचिन बैसला व अन्य छात्र नेता उपस्थित रहे।

अभाविप की वर्ष 2024 की विद्यार्थी डायरी के मुखपृष्ठ पर अयोध्या में बन रहे राम मंदिर के प्रस्तावित मॉडल, आदित्य एल-1, 'भारत' शब्द को 18 भारतीय लिपियों में लिख भाषाई समृद्धता को स्थान,भारत मंडपम् , चन्द्रयान-3, युवाओं की सेवा व पर्यावरण क्षेत्र में प्रतिनिधि भूमिका, अभाविप की सेवा क्षेत्र गतिविधियां आदि के उल्लेख द्वारा नए भारत की युवा आशाओं के स्वर को स्थान मिला है।

उल्लेखनीय है कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के 'अमृत महोत्सव वर्ष' का राष्ट्रीय अधिवेशन दिल्ली में 7-10 दिसंबर 2023 आयोजित होगा। अभाविप के इस राष्ट्रीय अधिवेशन में देश भर से दस हज़ार से अधिक विद्यार्थी सहभागिता करेंगे। अभाविप के राष्ट्रीय अधिवेशन की तैयारियां शुरू हो गई हैं, ताकि अधिवेशन को भव्य तथा सफल बनाया जा सके।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री श्री याज्ञवल्क्य शुक्ल ने कहा कि, "अभाविप की नई छात्र दैनंदिनी में संगठनात्मक विषयों की संक्षिप्त जानकारी, त्योहारों का उल्लेख कैलेंडर इत्यादि की जानकारी के साथ भारतीय युवाओं की आकांक्षाओं तथा भारत की प्रगति को दर्शाया गया है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की छात्र दैनंदिनी के विमोचन का अवसर प्रत्येक अभाविप कार्यकर्ता तथा विद्यार्थी के लिए विशेष है।"

(यह प्रेस विज्ञप्ति केन्द्रीय कार्यालय मंत्री श्री दिगंबर पवार द्वारा जारी की गई है।)